RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 25 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 93 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# गढ्ढों को भरने के लिए मनपा द्वारा अपनाई गई नई तकनीक हुई फेल...

## मनपा दोबारा मासटिक से गढ्ढे भरने के लिए निकाली निविदा

मुंबई : मुंबई मनपा प्रशासन ने मानसून के दौरान सड़को पर बनने वाले गढ्ढों को भरने के लिए दो नई तकनीकी रीएक्टिव अस्फाल्ट और रैपिड हार्डनिंग लाई थी। इन दोनो कंपनियों ने दावा किया था कि बारिश के दौरान भी गढ्ढे भरे जा सकेंगे और गढ्ढे भरने के 6 घंटे बाद इस पर से वाहनों का आवागामन शुरू हो सकेगा। बारिश के दौरान सड़क की खस्ता हाल और गढ्ढे नही भरे जाने से मनपा प्रशासन की छिछालेदर होने लगी है। मनपा प्रशासन अब परेशान होकर अपनी पुरानी तकनीकी मासटिक तकनीकी से गढ्ढे भरने का निर्णय लिया है।सड़को पर बने गढ्ढों और मनपा द्वारा मानसून के दौरान नई तकनीकी पर किए जाने वाले प्रयोग को लेकर विपक्षी पार्टियों ने मनपा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।



मनपा विरोधी पक्ष नेता रविराजा ने आरोप लगाया कि मनपा अधिकारी हर साल नई कंपनी लाकर खुद की कमाई करते है मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों की मुंबई की जनता की चिंता ही नहीं है।सबसे बुरा हाल जनता और स्थानीय नेताओं का होता है जिन्हे रोजाना जनता का सुनने के लिए सामने आना पड़ता है।

बता दे कि मनपा प्रशासन ने मानसून पूर्व बड़े ही गाजे बाजे के साथ मानसून के दौरान सड़को पर बनने वाले गढ्ढों को लेकर ठेकेदारों को टेंडर दिया था। मनपा ने 125 करोड़ का ठेका सिर्फ गढ्ढों को भरने के लिए ठेका दिया था। मनपा ने पहली बार गढ्ढे भरने के लिए दो नई तकनीकी लाई थी जिसका नाम है रिएक्टिव अस्फाल्ट और रैपिड हार्डिनिंग। मनपा ने दोनो ही कंपनियों को 125 करोड़ रुपए का ठेका गढ्ढे भरने के लिए दिया था। मनपा ने रिएक्टिव अस्फाल्ट को 45 करोड़ का ठेका दिया था रिएक्टिव अस्फाल्ट आसट्रीया की पेटेंट कंपनी है। जबकि रैपिड हार्डिनिंग 81 करोड़ का ठेका दिया था।

### पुरानी तकनीकी का लिया जा रहा सहारा... 36 करोड़ का निकाला टेंडर

**मनपा प्रशासन ने अब फिर एक बार पुरानी तकनीकी पर गढ्ढे भरने का निर्णय लिया है। मनपा प्रशासन ने मास्टीक तकनीकी से भरे जा रहे गढ्ढों पर दोबारा विचार किया है।मनपा प्रशासन ने 36 करोड़ का टेंडर निकाला है। मनपा प्रशासन अब मानसून के दौरान यह टेंडर प्रक्रिया शुरू के है जब सड़क की खस्ता हाल है।टेंडर निकालने और कंपनी के आने तक और काम शुरू होने तक लोगो का बुरा हाल होगा।गढ्ढों में वाहन जाने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहेगी।**

# मुंबई में 10 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले घरों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़ी



**मुंबई** : मुंबई में 10 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले घरों की बिक्री चालू साल के पहले छह माह जनवरी-जून के दौरान 49 प्रतिशत बढ़ी है। यह आंकड़ा मूल्य के लिहाज से 11,400 करोड़ रुपये रहा। इंडिया सोथबीज इंटरनेशनल रियल्टी और सीआरई मैट्रिक्स की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले इसी अवधि में 10 करोड़ रुपये से महंगे मकानों की कुल बिक्री 7,660 करोड़ रुपये थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई में लक्जरी अपार्टमेंट की मांग मुख्य रूप से उद्योगपतियों, बॉलीवुड हस्तियों और उच्च वेतनभोगी कर्मचारियों की तरफ से आई। इंडिया सोथबीज इंटरनेशनल रियल्टी के प्रबंध निदेशक अमित गोयल ने कहा कि पहली छमाही में लक्जरी मकानों की बिक्री में आया उछाल उद्योग की दृष्टि से सकारात्मक है।

## ट्रेन की चपेट में आई नर्स, गंवाए अपने हाथ-पैर

**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले के आसनगांव में ट्रेन की चपेट में आने से एक 53 वर्षीय नर्स ने अपना एक हाथ और एक पैर गंवा दिया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पीड़िता की पहचान विद्या वखारीकर के रूप में हुई है। वह मुंबई के सायन में एक अस्पताल में काम करती हैं। आसनगांव स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने की जल्दबादी में वह हादसे का शिकार हो गईं। जीआरपी के अधिकारी ने कहा, ''पीड़िता आसनगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने की हड़बड़ी में थीं, इसीलिए वह एक खड़ी मालगाड़ी के नीचे से पटरियां पार करने लगीं। तभी मालगाड़ी चल पड़ी और वह उसकी चपेट में आकर घायल हो गईं।

# महाराष्ट्र में बारिश के कहर के बीच अजित ने की 3 बड़ी घोषणाएं

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के कई जिलों में मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई है। कई मवेशी पानी के तेज बहाव के साथ बह गए और कुछ लोगों की जान भी चली गई। पिछले एक हफ्ते में कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिती बन गई है। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कई गांवों में बाढ़ का पानी घुसने से ग्रामीणों को अपने घर भी गंवाने पड़े हैं।

## किसानों को मिलेगी राहत...



इन सभी घटनाओं पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। उन्होंने प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुँचाने के मकसद से सोमवार को विधान परिषद में तीन बड़ी घोषणाएं की हैं। महाराष्ट्र विधान परिषद में अजित पवार ने कहा, ''19 जुलाई को राज्य के विभिन्न जिलों में बहुत ज्यादा बारिश हुई। यवतमाल, बुलढाणा, वाशिम जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। यवतमाल में एनडीआरएफ ने 110 नागरिकों को रेस्क्यू किया। मदद के लिए हेलीकॉप्टर तक बुलानी पड़ी।''

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आज विधान परिषद में राज्य में बाढ़ की स्थिति पर बयान दिया। इस दौरान उन्होंने तीन बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को तत्काल सहायता के तौर पर 10,000 रुपये दिये जायेंगे। जबकि जिसके दुकान भारी बारिश में क्षतिग्रस्त हुए है, उन्हें 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसके अलावा बाढ़ में मरने वाले नागरिकों के परिजनों को चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जायगा। पवार ने कहा ''बुलढाणा जिले में 102 मिलीमीटर बारिश हुई। वहां नदी-नालों में बाढ़ आ गई। वाशिम में 139.7 मिमी बारिश हुई। राहत टीमें विभिन्न जिलों में तैनात की गई हैं। बारिश में मरने वालों के लिए चार लाख की तत्काल राहत राशि की घोषणा की गई है। साथ ही बारिश से प्रभावित फसलों का पंचनामा भी तत्काल करने के निर्देश दिये गये हैं।

अजित पवार ने कहा कि बाढ़ में जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें 5,000 रुपये की जगह 10,000 रुपये का अनुदान दिया गया है। खतरनाक स्थितियों में रहने वाले नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जायेगा। जहां कृषि भूमि का कटाव हुआ है, वहां का पंचनामा किया जाए और भूमि को पहले जैसा करने की लागत के संबंध में मुआवजा तय करने का निदेश दिया गया है। मालूम हो कि महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। विदर्भ में दस दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4,500 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हो गए। मूसलाधार बारिश से 54 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित हुई है। भारी बारिश के चलते सिर्फ 53,000 हेक्टेयर कृषि भूमि अमरावती मंडल में प्रभावित हुई है और यहां 2,882 मकान क्षतिग्रस्त हुए है। अमरावती मंडल में 21 जुलाई को एक दिन में चार लोगों की मौत हुई, जिसमें यवतमाल में हुई तीन लोगों की हुई मौत भी शामिल है। अकोला और बुलढाणा में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

नागपुर मंडल में 13 जुलाई से अब तक बाढ़, और बिजली गिरने की घटनाओं में 11 लोगों की मौत हुई है। गढ़चिरौली और भंडारा में तीन-तीन, वर्धा और गोंदिया में दो-दो तथा चंद्रपुर में एक व्यक्ति की मौत हुई है। बारिश और बाढ़ से नागपुर मंडल में 875.84 हेक्टेयर कृषि भूमि को नुकसान हुआ है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### आग फैलने न दें

मणिपुर में पिछले करीब तीन महीने से जारी दंगों पर रोक लगना तो दूर, अब पड़ोसी राज्य मिजोरम में भी इसका असर दिखने लगा है। मणिपुर में दो महिलाओं को वस्त्रहीन करके उनकी परेड कराए जाने से जुड़ा एक विडियो वायरल होने के बाद मिजोरम में भी तनाव बढ़ने की खबर है। इसी संदर्भ में शनिवार को पूर्व उग्रवादियों के एक ग्रुप ढअटफ्ञ ने मिजोरम में रह रहे मणिपुर के मैतेई समुदाय के लोगों से कहा कि वे जल्द से जल्द मिजोरम छोड़ दें। उसके बाद इन लोगों में घबराहट फैल गई और कई लोग विमान से या सड़क मार्ग से वहां से निकलने लगे। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बेहद खतरनाक है। इसमें दो राय नहीं कि मणिपुर में जो कुछ हुआ और हो रहा है, उसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। वहां हालात काबू करने की कोशिशें की जा रही हैं। हालांकि उन कोशिशों को किस तरह आगे बढ़ाया जाए और किन उपायों से उन्हें कारगर बनाया जाए इस पर अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात यह कि संसद में उस पर कोई चर्चा तक नहीं हो पा रही। केंद्र और विपक्ष को अविलंब पहलकदमी लेकर इस गतिरोध को जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत है ताकि मणिपुर की घटनाओं पर राजनीतिक आम सहमति बनती दिखे और वहां हालात संभालने के प्रयासों को और तेज किया जा सके।

लेकिन इस बीच यह सावधानी भी बरतना जरूरी है कि मणिपुर की आग अन्य क्षेत्रों में न फैल जाए। यह अच्छी बात है कि मिजोरम से अभी तक हिंसा की कोई सूचना नहीं है। ढअटफ्ञ की कथित धमकी को भी राज्य सरकार के गृह मंत्रालय ने तत्काल संज्ञान में लिया और ढअटफ्ञ ने भी यह स्पष्ट किया कि उनकी तरफ से दिया गया बयान अडवाइजरी नेचर का था। लेकिन किसी भी जिम्मेदार संगठन से इस तरह की सलाह की भी उम्मीद नहीं की जाती। अगर देश के किसी हिस्से में कुछ अप्रिय घटा है तो उससे दुख या तकलीफ होना स्वाभाविक है, लेकिन जो व्यक्ति उन अप्रिय घटनाओं के लिए दोषी हों, गुस्सा भी सिर्फ उन लोगों के खिलाफ होना चाहिए, सजा की मांग भी उन्हीं के लिए की जानी चाहिए। अगर किसी एक पूरे समूह को उसके लिए दोषी माना या बताया जाने लगे तो यह भी सांप्रदायिक, जातिवादी या नस्लवादी सोच का ही नमूना है। अगर मणिपुर की घटनाओं से मिजोरम में तनाव दिख रहा है तो जिम्मेदार संगठनों को माहौल ठीक करने की कोशिश में जुटना चाहिए जिसका उपाय यह है कि मणिपुर के लोगों को आश्वस्त किया जाए कि आप न घबराएं, हम आपके साथ हैं। यह नहीं कि उन्हें इलाका छोड़ देने की सलाह दी जाए। जरूरी है कि राज्य सरकार ऐसे माहौल में गड़बड़ी फैलाने वाले तत्वों से विशेष तौर पर सावधान रहे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# लॉरेंस बिश्नोई का बना ऐसा फैन...

# फेसबुक पर लगाई प्रोफाइल तस्वीर और पिस्टल खरीदकर बना 'गैंगस्टर'... शख्स अरेस्ट

### उगाही के लिए आरोपी ने खरीदी थी पिस्टल, आरोपी मंगलवार तक क्राइम ब्रांच की कस्टडी में

**मुंबई:** किसी सरगना का फैन होना भी उतना ही बड़ा अपराध है, जितना उस सरगना के लिए काम करना। क्राइम ब्रांच की यूनिट-8 ने संतोष कुमार नामक एक आरोपी को अंधेरी से गिरफ्तार किया है। जांच में यह बात सामने आई है कि वह लॉरेंस बिश्नोई का फैन है और उसने अपने फेसबुक पर बिश्नोई की फोटो भी लगा रखी है। डीसीपी राज तिलक रौशन ने बताया कि



कोर्ट ने आरोपी को मंगलवार तक क्राइम ब्रांच की कस्टडी में भेज दिया है। क्राइम ब्रांच की यूनिट-8 को किसी संदिग्ध के अंधेरी में मैकडॉनल्ड के पास आने की टिप मिली थी। इसके बाद एसीपी महेश देसाई और सीनियर इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत सालुंखे ने उस संदिग्ध को ट्रेस किया। उसकी जब तलाशी ली गई, तो उसी में उसके पास से एक पिस्टल व दो कारतूस मिले। क्राइम ब्रांच सूत्रों का कहना है कि पिस्टल उसने अवैध रूप से खरीदी थी और इसका बाद में वह उगाही के लिए, लोगों को धमकी देने के लिए प्रयोग करता। जब क्राइम ब्रांच ने उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच की, तो फेसबुक पर लॉरेंस बिश्नोई की फोटो मिली।

**व्यापारी से फिरौती मांगने का मामला**

गौरतलब है कि तीन दिन पहले ही मालाड के एक व्यापारी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से फोन आया था और उससे 20 लाख रुपये की डिमांड की गई थी। उस केस की भी लोकल पुलिस के साथ कई एजेंसियां जांच कर रही हैं।

### अब दोस्तों की पुलिस कर रही जांच

संतोष कुमार ने क्राइम ब्रांच को कथित तौर पर बताया कि वह लॉरेंस बिश्नोई का फैन है। क्राइम ब्रांच अब इस बात की जांच कर रही है कि वह बिश्नोई का सिर्फ फैन है या उसकी गैंग का हिस्सा भी है? उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स में उसके साथ कुछ और लोगों की फोटो भी जांच के घेरे में है कि यह लोग कौन-कौन हैं?

# महाराष्ट्र में टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ की घटना के बाद राज ठाकरे के बेटे का आया बयान, जानिए क्या कहा?

**महाराष्ट्रः** सिन्नर के गोंडे टोल प्लाजा पर रोके जाने पर मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे का कहना है, "मैं शिरडी घूमने आया था, मेरी गाड़ी पर फास्टैग लगा था लेकिन मुझे टोल प्लाजा पर रोक दिया गया। जब मैंने रोकने का कारण पूछा तो टोल प्लाजा के कर्मचारी मेरे साथ दुर्व्यवहार करने लगे। मैंने इस बारे में मैनेजर से बात की तो उसने भी मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया।"



**क्या है मामला ?**

बताया जा रहा है कि राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सिन्नर टोल नाके पर तोड़फोड़ की है. राज ठाकरे के बेटे और एमएनएस नेता अमित ठाकरे को आधे घंटे तक टोल नाके पर रोके जाने से गुस्से में आए पार्टी पदाधिकारियों ने तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया. इस इस तोड़फोड़ में पूरा समृद्धि टोल नाका क्षतिग्रस्त हो गया. बताया जा रहा है कि 22 जुलाई की शाम को अमित ठाकरे अहमदनगर से सिन्नर की तरफ जा रहे थे.

**आधे घंटे रूका रहा अमित ठाकरे का काफिला**

समृद्धि महामार्ग के सिन्नर टोल नाके पर अमित ठाकरे के काफिले को लगभग आधे घंटे तक रोक दिया गया. इसके बाद एमएनएस के लोगों ने टोल नाके पर तोड़फोड़ की. गौरतलब है कि एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे के बेटे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के युवा नेता अमित ठाकरे इनदिनों राज्य की राजनीति में काफी सक्रिय हैं. कल महासंपर्क अभियान के लिए अमित ठाकरे शिरडी के 2 दिवसीय दौरे पर पहुंचे. उन्होंने शनि शिंगणापुर में शनि पर तेलाभिषेक किया. इससे पहले अमित ठाकरे ने अहमदनगर में छात्रों और अधिकारियों से बातचीत की. शहर के सरकारी रेस्ट हाउस में मनसे के युवा नेता ने शहर के छात्रों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में जाना. मनसे महासंपर्क अभियान के जरिए अमित ठाकरे ने अब तक 35 विधानसभा क्षेत्रों में 7000 छात्रों से बातचीत की है.

# पालघर में भारी बारिश! उफनती नदी में गिरा शख्स बहा



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 48 वर्षीय एक व्यक्ति उफनती नदी में गिरकर बह गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अधिकारी विवेकानंद कदम ने बताया कि यह घटना रविवार शाम करीब पौने सात बजे उस समय हुई, जब तलसारी इलाके के सांबा में अदागपाड़ा का एक व्यक्ति नदी पार कर रहा था। उन्होंने बताया कि व्यक्ति नदी में गिर गया और बह गया। अधिकारी के मुताबिक, व्यक्ति को खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं। पालघर में पिछले एक सप्ताह से तेज बारिश हो रही है।




# अवैध डम्पिंग ग्राउंड पालतू जानवरों के लिए हुआ जानलेवा



**नवी मुंबई :** पनवेल के पास नाले में ऐसी जगहें भी हैं, वहां अवैध रूप से कचरे फेंके जाने से डम्पिंग ग्राउंड बन गया है और यह डंपिंग ग्राउंड पालतू जानवरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। पिछले एक महीने इस डम्पिंग ग्राउंड में जहरीले कचरे से आठ जानवरों की मौत होने की शिकायत पनवेल पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग ग्रीन यात्रा संस्था के राजेश अग्रवाल ने किया है`पनवेल के आपटा ओर तारा ग्राम पंचायत के तरफ से पनवेल में अवैध रूप से निकलने वाले कचरा आपटा रोड के सर्वे नंबर 70 के पास अवैध रूप से डम्पिंग ग्राउंड बनाया गया है` यहा अवैध रूप से बनाए गए डंपिंग में शहर के कचरे के साथ ही जहरीले कचरे फेंके जा रहे है` जहा आस पास के पालतू जानवर घूमने जाते है` इस डम्पिंग मे जहरीले केमिकल या घातक रसायन डाले जाने के कारण उसके शिकार बन रहे है `पिछले एक महीने से इस डम्पिंग ग्राउंड पर आठ पालतू जानवरों की मौत हो चुकी है। जब की पाँच पालतू जानवरों का स्वास्थ खराब होने की जानकारी राजेश अग्रवाल ने दीं पालतू जानवरों के स्वास्थ के साथ हो रहे खिलवाड़ को देखते हुए राजेश अग्रवाल ने पनवेल तालुका पुलिस ओर रायगड जिला अधिकारी से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की हैं कचरा कभी बड़ी समस्या नहीं होती, अगर वह बायोडिग्रेडेबल हो। यानी वह मिट्टी में मिलने के बाद आसानी से समाप्त हो जाए। प्लास्टिक के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह मिट्टी में समाप्त नहीं होता है।

# मुंबईकरों को फिलहाल नहीं मिलेगी 'नई एसी लोकल', 238 वंदे भारत मेट्रो की मंजूरी के बावजूद प्लान टला

**मुंबई:** रेलवे बोर्ड से मुंबई के लिए 238 वंदे भारत मेट्रो (एसी लोकल) की मंजूरी मिलने के बावजूद इस प्लान को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। मुंबई रेल विकास निगम द्वारा 4 जुलाई को टेंडर के लिए नोटिस निकाला गया था। बहरहाल, MRVC की वेबसाइट पर वंदे मेट्रो के लिए टेंडर के स्थगन की सूचना दी गई है। इस टेंडर में 238 एसी लोकल के अलावा 35 सालों तक इनके रखरखाव और दो डिपो बनाने के लिए निविदा आमंत्रित की जा रही थी। राजनीतिक विरोध के बाद अगस्त 2022 में मध्य रेलवे ने एसी लोकल की करीब एक दर्जन सर्विस बंद कर दी थीं। करीब दस महीनों के इंतजार के बाद 238 एसी लोकल की फाइल को रेल मंत्रालय से मंजूरी मिली। इस बार नाम बदलकर एसी लोकल को वंदे भारत मेट्रो कर दिया गया।



### कई बड़े खिलाड़ी मैदान में

**मुंबई में मौजूदा एसी लोकल भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड और मेधा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी द्वारा बनाई गई है। सूत्रों के अनुसार, 238 वंदे मेट्रो के लिए बड़े खिलाड़ी मैदान में उतर सकते हैं। इनमें अल्सटॉम और रूस की फर्म ट्रांसमैश होल्डिंग भी मैदान में उतर सकती हैं। MUTP IIIA की लागत 33,690 करोड़ है, इसमें से 20 हजार करोड़ के करीब 238 वंदे मेट्रो और डिपो के लिए खर्च होने हैं। सूत्रों के अनुसार किसी भी कंपनी के लिए यह परियोजना फायदे का सौदा साबित होने वाली है।**

### एसी लोकल की बढ़ी मांग

मध्य रेलवे की एसी लोकल ट्रेनों में रोजाना औसतन 1200 और पश्चिम रेलवे पर 1600 यात्री हर एक सर्विस में सफर कर रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले हर एक एसी लोकल में औसतन दुगुनी वृद्धि हुई है। पिछले साल अप्रैल से जून तक एसी लोकल ट्रेनों में रोजाना 63 हजार यात्री सफर कर रहे थे। अब पश्चिम और मध्य रेलवे पर कुल 135 एसी लोकल सर्विस रोजाना चल रही हैं, जिनमें करीब 1.53 लाख लोग रोजाना सफर कर रहे हैं। रेलवे केवल दस रेक से सभी सर्विस चला रही है।

### MRVC ने बताई अलग वजह

MRVC के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुनील उदासी ने बताया कि वंदे मेट्रो के लिए जितने भी स्टेक हॉल्डर्स हैं, उनसे बातचीत का दौर जारी है। मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे के फीडबैक को टेंडर प्रक्रिया में शामिल करना है। इसके अलावा दोनों जोनल रेलवे की माइग्रेशन स्ट्रेटजी के इनपुट लिया जा रहा है। इस स्टडी का मतलब है किस तरह से यात्री सामान्य लोकल से एसी लोकल में पलायन करेंगे। एसी लोकल को किस तरह से सेवाओं में शामिल किया जाएगा।

# मैकडोनल्ड में हुई चोरी, सोशल मीडिया से पकड़ाए आरोपी




**मुंबई :** अंधेरी पुलिस ने खिड़की से मैक्डोनाल्ड्स की दुकान में जाकर पैसे चुरानेवाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चोरी के बाद डोंगरी इलाके में छिपकर बैठा था। जिसकी जानकारी पुलिस को मिली। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ पैसा बरामद कर लिया है। मामले की अधिक जांच अंधेरी पुलिस द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विजय चंद्रकांत पाले (29) और प्राणिकेत भोसले (26) है। रात लगभग 1 बजे रेस्टोरेंट बैंड होने के बाद दूध लेने के लिए खिड़की खुली रहती है। दो कर्मचारी अंदर ही थे तभी रात के वक्त खिड़की से अज्ञात व्यक्ति रेस्टोरेंट में घुसे और दुकान के गल्ला में रखा हुआ पैसा चोरी कर फरार हो गौए। जैसे ही रात के वक्त उनकी नजर गल्ले पर पड़ी तो वह जगह पर नहीं था। जिसके बाद मामले की शिकायत अंधेरी पुलिस थाने में कई गई। एफआईआर दर्ज होने के महज दो घंटे बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही। मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक अमित यादव, कॉस्टेबल प्रविण कांबळे, अविनाश जाधव, दत्ता टरके और वसंत नरबट ने की और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### सीसीटीवी के फोटो से हुई शिनाख्त

**प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने रेस्टोरेंट का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया। इसके बाद उसमें से दोनों आरोपियों का फोटो निकाला और फिर उसे सोशल मीडिया के माध्यम से अपने मुखबिरों तक पहुंचाया। जिससे पता चला कि आरोपी अंधेरी डोंगरी इलाके के हैं। जिसके बाद पुलिस की टीम उन्हें ढूंढते हुए डोंगरी पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।**

# अगले कई दिन होगी भारी बारिश, IMD ने जारी किया अलर्ट



**मुंबई :** महाराष्ट्र में इन दिनों बारिश की वजह से हालत खराब हो चले हैं। सड़कों पर पानी भरा हुआ है। हर तरफ बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। वहीं इसी बीच भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। IMD ने सोमवार के लिए मुंबई और ठाणे के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### रायगड़, पालघर और कोंकण के लिए ओरेंज अलर्ट

इसके साथ ही क्टऊ ने रायगड़,पालघर और कोंकण के इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं कोंकण के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग इलाके में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जबकि रायगड़ के लिए अगले तीन दिन का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विभाग ने लोगों से कहा है कि इन इलाकों के लोग बारिश और बाढ़ जैसे हालातों से निपटने की साड़ी तैयारी कर लें।

वहीं महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के नागपुर मंडल में 13 जुलाई के बाद से अब तक भारी बारिश के बाद बाढ़ और बिजली गिरने के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हुई है और 1,600 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी




**मुंबई :** अपराध शाखा यूनिट चार ने दो आरोपी को लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पुलिस ने नवी मुंबई से गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति के साथ छह लाख तेरह हजार रुपये की धोखाधड़ी की है। जिसके बाद मामले में वडाला टी टी पुलिस थाने में एफएआईआर दर्ज किया गया था। जिसकी जांच चल रही थी, लगभग छह महीने से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी नवी मुंबई स्थित बेलापुर इलाके में मौजूद है। जिसके बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।




# पीएम मोदी ने की सीएम शिंदे की तारीफ...

## तो बेटे श्रीकांत ने ठाकरे पर साधा निशाना, उद्धव का भी पलटवार...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की थी. इसे लेकर पीएम मोदी ने ट्वीट कर सीएम शिंदे की तारीफ की. उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र के गतिशील और मेहनती मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई. मोदी ने मराठी में ट्वीट किया है, ''महाराष्ट्र की प्रगति के लिए उनकी चाहत और उनका विनम्र स्वभाव सराहनीय है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'महाराष्ट्र के गतिशील और मेहनती मुख्यमंत्री' के जिक्र ने राज्य के राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है. इस पर शिंदे के बेटे ने उद्धव ठाकरे की आलोचना की है, जबकि ठाकरे समूह ने कहा कि पीएम मोदी का दौरा शिंदे का विदाई उपहार था.

**उद्धव ठाकरे गुट का निशाना**

शिवसेना के ठाकरे समूह ने शिंदे पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ा. वहीं शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने टिप्पणी की कि 'मोदी का दौरा एक विदाई समारोह था.' शिवसेना प्रवक्ता सांसद संजय राउत ने चेतावनी दी कि शिंदे को जल्द ही मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाएगा और अजित पवार मुख्यमंत्री बनेंगे. इस बीच श्रीकांत शिंदे ने भी अपने एक बयान में उद्धव ठाकरे की आलोचना की है. ठाकरे गुट ने शिंदे के मुख्यमंत्री पद पर संदेह व्यक्त किया, एकनाथ शिंदे के बेटे सांसद श्रीकांत शिंदे ने उद्धव ठाकरे की जमकर आलोचना की है. बता दें, महाराष्ट्र की राजनीति में एकबार फिर से अजित पवार के सीएम बनने की चर्चा शुरू हो गई है.

# डॉक्टर के साथ हुई पैसे लौटने के नाम पर धोखाधड़ी... !

## दो रुपये ट्रांसफर करवाकर अकाउंट से किया ट्रांजिक्शन




**मुंबई :** वकोला में एक अस्पताल चलाने वाले डॉक्टर को धोखाधड़ी का सामना करना पड़ा है। नो ब्रोकर डॉट कॉम से पैसा वापस लेना उन्हें भारी पड़ गया। उनके अकाउंट से डेढ़ लाख से भी अधिक रुपये सायबर ठगों ने निकल लिए हैं। मामले की शिकायत उन्होंने वकोला पुलिस थाने में की है। जिसकी जांच पुलिस द्वकरा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिस डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी की गई है उनका नाम कुंडलिक पोल है। जिन्होंने नो ब्रोकर डॉट कॉम पर इस्तिहार दिया था कि उन्हें अपना एक फ्लैट भाड़े पर देना है। कई दिन बीत जाने के बाद भी जब उन्हें सफतापूर्ण रिस्पॉन्स नहीं मिला तब उन्होंने बाहर से आये दूसरे व्यक्ति को अपना फ्लैट भाड़े पर दे दिया और नो ब्रोकर डॉट कॉम से पैसों की मांग की। जिसमें कहा गया कि उन्हें पैसे इसलिए नहीं मिल सकते क्योकी उन्होंने बताए गए भाड़े से कम में ही घर भाड़े पर दे दिया है। लेकिन इसके बाद भी उन्होंने गूगल पर एक मेल आईडी से संपर्क कर पैसे लेना चाहा। लेकिन ठगों ने फोन कर ऐसा विश्वास पैदा किया कि दो रुपये भेजने पर पैसे ही निकल गए। बहरहाल पूरे मामले की जांच वकोला पुलिस कर रही है। डॉक्टर पोल का कहना है कि बहुत ही आसान तरीके से लोगों को अपने जाल में ये लोग फंसाते हैं और उन्हें अपने ठगी का शिकार बनते हैं।

**शिकायत के लिए गूगल सर्च**

डॉक्टर पोल ने बताया कि नो ब्रोकर डॉट कॉम पर पैसे लेते वक्त किसी भी प्रकार की शर्ते नहीं रखी गई थी। लेकिन जब रिफंड लेना था तब उन्हें शर्त बताया गया। इसकी शिकायत करने के लिए उन्होंने गूगल सर्च इंजन में सर्च किया जहां से उन्हें hello@fobrokr.if नामक आईडी मिली। जहां उन्होंने शिकायत भी की।

### भाड़े पर देना चाहते थे घर

**पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक जनवरी 2023 में डॉक्टर पोल ने नो ब्रोकर डॉट कॉम पर संपर्क कर अपना घर भाड़े पर देने के लिए एक इस्तिहार दिया। जिसके लिए 7699 रुपये रिफंडेबल डिपॉजिट के तौर पर लिया गया। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई ग्राहक घर नहीं लिया। तब उन्होंने इसे किसी और को भाड़े पर देने का सोचा और अच्छा पैसा मिलने की वजज से उसे भाड़े पर दे दिया। तभी अपने पैसे वापस लेने के लिए उन्होंने नो ब्रोकर डॉट कॉम से संपर्क किया। जहां कहा गया कि कम भाड़े से घर देने की वजज से आपको रिफंड नहीं मिलेगा।**

# पबजी से मिला प्यार, शादी से इनकार

## बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज...

**मुंबई :** पंत नगर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ बलात्कार करने को लेकर एफआईआर दर्ज किया है। आरोपी की मुलाकात महिला से पबजी नामक गेम मोबाइल में खेलते वक्त हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने बताया है कि दोनों की मुलाकात पबजी खेलने के दौरान हुई। इसके बाद बातचीत प्यार में बदल गई। फिर आरोपी ने इसका फायदा उठाकर शादी करने के नाम पर महिला के साथ संबंध बनाए। जिसका वीडियो भी उसने अपने मोबाइल में बना लिया। जिसके बाद से वह महिला को ब्लैकमेल करता और उसके साथ संबंध स्थापित करता




था। महिला ने जब शादी के लिए बोला तब उसने माना कर दिया और फरार हो गया। जिंसके बाद महिला थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

**वीडियो बनाकर धमकाता था आरोपी**

पुलिस को दी गई शिकायत में में महिला ने बताया है कि 2020 में उनकी मुलाकात पबजी खेलते हुए हुई थी, जब महिला ने जेम खेलते वक्त एकाउंट कर दिया था। जिसके बाद दोनों की बातचीत होती रही और वे अलग अलग होटल और रेस्टोरेंट में जाने लगे। इसी दौरान दोनों के बीच संबंध स्थापित हुआ। एक बार इसीके फायदा उठाते हुए आरोपी ने अपने मोबाइल वीडियो बना लिया। जिसका इस्तेमाल कर वह महिला को धमकाता था और संबंध बनाने कब लिएमजबूर करता था। पूरे मामले की जांच पंत नगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

**प्यार के नाम पर दिया धोखा**

महिला द्वारा दी गई शिकायत में आरोपी की पहचान सिंधील वेंकटेश सूर्यवंशी के रूप में हुई है। जिसमें बताया गया है कि वह वकोला इलाके का रहनेवाला है। घटना से आहत हुई महिला ने शुक्रवार दोपहर को पुलिस से संपर्क किया और उन्हें दर्दनाक घटना के बारे में बताया।

# रायगढ़ में रेस्क्यू ऑपरेशन बंद !

## इरशालवाड़ी गांव बना श्मशान...

## 57 लोगों का अब तक अता-पता नहीं

**मुंबई :** रायगढ़ के इरशालवाड़ी गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है, जिस ओर नजर जाती है उस ओर मातम के सिवा कुछ और नहीं है। अपनों को खोने का दुख पहाड़ से भी ऊंचा है और परिजनों की रो-रोकर आखें सूख चुकी हैं। भूस्खलन ने ऐसी तबाही मचाई है कि 27 लोगों की जान चली गई है। अभी भी मलबे में 78 लोग दबे होने की बात कही जा रही है, जबकि सरकार ने 57 लोगों के दबे होने की आशंका जताई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया



बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों ने रविवार को रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया है. ये रेस्क्यू 85 घंटे से ज्यादा समय तक चलाया गया. संरक्षक मंत्री उदय सामंत ने बताया है कि बीते 4 दिनों से NDRF और अन्य सामाजिक संस्था राहत और बचाव कार्य मे जुटी हुई थीं. इस गांव में लोगों की संख्या 228 थी. अब तक 27 शवों को मलबे से निकाला जा चुका है. वहीं, कुल 143 लोगों को बचाया गया है. इन सभी लोगों को शहर एवं औद्योगिक विकास निगम की तरफ से घर बनाकर दिया जाएगा.

**सीएम शिंदे ने भी इरशालवाड़ी गांव का किया था दौरा**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी भूस्खलन वाली जगह का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था. उन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की थी. इसके अलावा सीएम शिंदे शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले और उन्होंने रायगढ़ की स्थिति के बारे में पीएम को भी जानकारी दी. वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएम शिंदे से बात की थी.

### भूस्खलन से 22 बच्चे हुए अनाथ

**उन्होंने कहा कि इस समय भी 57 लोगों के मलबे के अंदर दबे होने की आशंका है. रेस्क्यू ऑपरेशन बंद करने से पहले गुमशुदा हुए लोगों के परिजनों को विश्वास में लिया गया है. हालांकि बीते दिन शनिवार को मंत्री सामंत ने दावा किया था कि मलबे में 78 लोग दबे हुए हैं. मंत्री उदय सामंत का कहना है कि इरशालवाड़ी गांव जैसी भविष्य में दोबारा घटना न हो उसके लिए कदम उठाए जाएंगे और 5 गांवों को दोबारा बसाया जाएगा. कुल 20 गांवों का सर्वे किया जाएगा. साथ ही साथ 1 साल के अंदर भूस्खलन प्रभावित लोगों को पक्का कर दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि भूस्खलन की घटना के कारण कुल 22 बच्चे अनाथ हुए हैं. इन सभी बच्चों की देखरेख श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन करेगा.**



# पुलिस के साथ मारपीट करने के मामले में दो किन्नर गिरफ्तार



**महाराष्ट्र** : शहर में किन्नरों के बढ़ते उत्पात से आम नागरिक ही नहीं बल्कि पुलिस कर्मी भी त्रस्त हैं, एपीएमसी पुलिस स्टेशन की हद में मथाड़ी कामगार चौक से पुनीत कॉर्नर रोड पर कमोडिटी एक्सचेंज बिल्डिंग के सामने रात करीब डेढ़ बजे दो किन्नर खड़े थे, उसी समय गश्त लगा रहे बीट मार्शल वहां पहुंचकर संदिग्ध हालात में खड़े किन्नरों से पूछताछ शुरू कर दिया तो पुलिस कर्मचारी से उलझ गए, इतना ही नहीं दोनों पुलिस कर्मियों पर हमला बोल दिया। जिसके बाद पुलिस ने सरकारी कामकाज में अड़चन डालने और पुलिस कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में दो किन्नरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एपीएमसी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस तनवीर शेख से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-19 स्थित कमोडिटी एक्सचेंज बिल्डिंग के सामने कोपरी गांव तृतीय पंती मंदिर परिसर में रहने वाले दो किन्नर संदिग्ध हालात में खड़े थे, हालांकि इनके द्वारा किए जा रहे गलत कृत्य को रोकने के लिए नागरिकों की तरफ से कई बार वरिष्ठ पुलिस को लेटर देकर मांग कि जा रही कि इनपर कार्यवाही कि जाए।

# महिला ने कराई पति की हत्या!

## पुलिस को सुनाई झूठी कहानी...

## मां सहित तीन अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार




**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के लातूर में एक महिला को अपने पति की हत्या करने और पुलिस को झूठी कहानी बताकर गुमराह करने के आरोप में उसकी मां सहित तीन अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया है। महिला ने पुलिस को बताया था कि उसके पति की हत्या उसके रिश्तेदार ने की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 18 जुलाई को लातूर तहसील के जोडजवाला गांव में हुई। एक अधिकारी ने कहा, महिला ने गेटगाओ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति की उसके एक रिश्तेदार ने हत्या कर दी। महिला ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर उसके रिश्तेदार ने पति के सिर पर दरांती से हमला किया। इसके बाद उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसका नाम महिला ने शिकायत में बताया था।

उन्होंने बताया, हालांकि, जांच के दौरान पुलिस को गिरफ्तार व्यक्ति और मृतक की पत्नी के बयानों में कई विसंगतियां मिलीं। इसके बाद, पुलिस अधीक्षक सोमय मुंडे ने स्थानीय पुलिस और अपराध शाखा को गहन जांच करने का निर्देश दिया। अधिकारी ने कहा, एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति को विश्वास में लिया और उससे पीड़ित और उसके परिवार के बारे में जानकारी देने को कहा। उसने उन्हें बताया कि पीड़ित हनमंत कटारे उसकी पत्नी को उसके चरित्र पर संदेह को लेकर पीटता था। उसने पुलिस को यह भी बताया कि कटारे की हत्या के पीछे उसकी पत्नी, पत्नी की मां और अन्य लोग हैं।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कटारे की पत्नी ने अपने पति द्वारा चरित्र पर संदेह करने से तंग आकर उसे खत्म करने की साजिश रची थी। उसने उसकी हत्या को अंजाम देने में अपनी मां और दो अन्य लोगों को शामिल किया। उन्होंने कहा, जैसा कि तय हुआ दोनों लोगों ने पीड़ित पर उनके गांव के बाहरी इलाके में रॉड से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, इसके बाद महिला पुलिस के पास पहुंची और उन्हें झूठ बताया कि रिश्तेदार ने उसके पति की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि 30 वर्षीय महिला, उसकी 50 वर्षीय मां और दो अन्य आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की जांच जारी है।

# मुंबई/ समृद्धि एक्सप्रेसवे पर ८ महीनों में ६२४ हादसे




**मुंबई** : समृद्धि एक्सप्रेसवे के बन जाने से मुंबई-नागपुर के बीच सड़क मार्ग से आने-जाने में केवल ७ से ८ घंटे लगता है, लेकिन जल्दी पहुंचने के लालच में लोग तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हैं और हादसे के शिकार हो जाते हैं। एक जानकारी के अनुसार, समृद्धि एक्सप्रेसवे पर ८ महीनों में ६२४ हादसे हुए हैं, जिसमें कुल ९२ लोगों की मौत हुई है। इसमें तेज रफ्तार के कारण भी १०९ दुर्घटनाएं हुई हैं, जबकि ड्राइवर को झपकी आने की वजह से १९२ हादसे हुए हैं। ११ दिसंबर २०२२ से लेकर ३ जुलाई तक इस एक्सप्रेसवे पर हादसों के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुल ६२४ हादसे हुए हैं। इसमें घातक एक्सीडेंट की लगभग ४१ दुर्घटनाएं शामिल हैं। यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने की लगभग ८९ दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें २२५ यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# कामगारों को योजना का लाभ नहीं दे रहे हैं अवैध ठेकेदार



**उल्हासनगर** : यहां पर निर्माणकार्य में लगे मजदूर काफी हैं। आए दिन काम करते समय ऊंचाई से गिरकर उनकी मौत हो जाती है। कई अपंग हो जाते हैं। यह जानकारी हमारे सिटीजन रिपोर्टर अनिल मिश्रा ने दी। बता दें कि सरकार ऐसे निर्माण करनेवाले मजदूरों के लिए महाराष्ट्र कामगार कल्याण मंडल में उनके लिए योजना लाई है। लेकिन शहर के अवैध ठेकेदार कामगारों को योजना का लाभ नहीं दे रहे हैं। ऐसे में मजदूरों को अपने अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा है। लूम, होटल, लोहा मार्केट, कपड़ा मार्केट , सोना मार्केट , रेडीमेड जूता मार्केट , जींस मार्केट , इलेक्ट्रॉनिक, मार्केट , प्रेस बाजार, फर्नीचर बाजार जैसे तमाम बाजार हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग १२ से १६ घंटे काम करते हैं। लेकिन उन कामगारों को सरकारी सुविधा नहीं मिलती है। इनके काम का समय निर्धारित नहीं है। दुर्घटना होने पर स्थानीय नेता दो-चार लाख दिलवाकर मानो मौत का सौदा करवा देते हैं। जबकि यदि सरकारी योजना कामगारों को मिलती तो उनके परिवारवालों को थोड़ा सहारा मिल जाता, उन्हें किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती।

कामगारों को पीएफ नहीं है, ईएसआईएस नहीं है। यह भी देखा गया है कि उल्हासनगर में कुछ कामगार नेता इन कामगारों की सुख-सुविधा की तरफ ध्यान न देते हुए सिर्फ अपने व अपने परिवार की सेवा में लगे हैं। यह केवल कामगार नेता बनकर बैनर की शोभा बढ़ा रहे हैं। राज्य व केंद्र सरकार ने कामगारों के लिए तमाम योजनाएं और उनकी सुरक्षा के लिए कानून बनाए हैं, जिनका लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। काफी लोगों के नाम ई-श्रम योजना में पंजीकृत नहीं हैं। कुछ कामगारों ने बताया कि जब कामगार आयुक्तालय से कई बार जांच की जाती है तो उस समय कामगार को दूसरे रास्ते से बाहर निकाल दिया जाता है। आश्चर्य की बात यह है कि केवल कामगार नेता बनकर घूमनेवाले लोगों ने कामगारों के हित में सरकार से पत्र-व्यवहार तक नहीं किया है। कामगार नेता ने अपना लेटर हेड पैड तक शायद ही छपवाया होगा? सरकार कामगारों को क्या सुविधा देती है? इन कामगारों नेताओं को इसकी कोई जानकारी नहीं है। यदि जानकारी है भी तो उसे दिलाने में असमर्थ हैं। कामगार नेताओं की जिम्मेदारी यह है कि उन्हें कामगारों की सुख-सुविधा के लिए आगे आना चाहिए, जबकि वह आगे नहीं आ रहे हैं।

# लड़की के साथ दुराचार करने के मामले में गिरफ्तार



**वाशी** : सेक्टर-९ स्थित गुरुद्वारा में लड़की के साथ दुराचार करने के मामले में आरोपी को वाशी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, इस घटना को लेकर चर्चा है कि अब धार्मिक स्थलों को भी ऐसे दुराचारियों द्वारा कलंकित किया जा रहा है। दरअसल, लड़की के साथ यौन शोषण मामले में गिरफ्तार आरोपी गुरुद्वारा में हारमोनियम (पेटी) बजाने का काम करता था। पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन बलात्कार किए जाने की शिकायत वाशी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत चांदेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि बस डिपो के पास सेक्टर-९ स्थित गुरुद्वारा जैसे पवित्र स्थल पर होनेवाले नित भजन-कीर्तन में हारमोनियम (पेटी) बजाने वाला तुर्भे में रहनेवाली एक 22 वर्षीय युवती माथा टेकने गुरुद्वारा में आती थी जहां उसके साथ जान पहचान हुई और यह पहचान दोस्ती में बदल गई। दोस्ती बढ़ी तो 1 जुलाई को घूमने के उद्देश्य से दोनों बांद्रा गए थे और वहां पर आरोपी ने युवती के साथ अश्लील हरकत की, परंतु लड़की उस दौरान कुछ नहीं बोली क्योंकि उसने शादी का झांसा दिया था। उसके बाद दूसरे दिन 2 जुलाई को दोपहर एक बजे वाशी स्थित गुरुद्वारा में युवती को बुलाया और गुरुद्वारा मंदिर के पिछे बने एक रूम में ले जाकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया।



# महाराष्ट्र के यवतमाल में बाढ़, 2 की मौत

## एयरफोर्स के Mi-17 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू, यमुनोत्री हाईवे पर लैंडस्लाइड

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के यवतमाल में भारी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति बनी है। कई घरों में पानी भर गया। एक घर की दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। आनंदनगर टांडा गांव में बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए एयरफोर्स के स्ब्ब-17 हेलिकॉप्टर को बुलाया गया। पांच जगहों पर स्छ्रञ्ञ की टीमें तैनात की गई थीं। इन टीमों ने फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है।



रायगढ़ के इर्शालवाडी में लैंडस्लाइड से मरने वालों की संख्या 26 हो गई है, 82 लोग लापता हैं। पालघर, मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। गुजरात के जूनागढ़ में चार घंटे में आठ इंच बारिश हुई है। इससे सड़कों पर पानी भर गया। कई कारें पानी में बहती दिखीं। अमरेली में भी पानी भर गया। वहीं पहाड़ों में भी तेज बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी और जम्मू-कश्मीर के कारगिल में 21 जुलाई की देर रात बादल फट गया। उत्तराखंड के यमुनोत्री हाईवे पर लैंडस्लाइड हो गया और कई गाड़ियां दब गईं। वहीं, स्कूलों में भी मलबा जमा हो गया।

### गुजरात के जूनागढ़ में 4 घंटे में 8 इंच बारिश



जूनागढ़। गुजरात के जूनागढ़ में शनिवार दोपहर बादल फटने से शहर में बाढ़ आ गई। यहां सिर्फ 4 घंटे में 8 इंच बारिश हुई। इससे पूरा शहर पानी में डूब गया। शहर से सटे गिरनार पर्वत पर 14 इंच बारिश होने से हालात और बिगड़ गए। पहाड़ का पानी जूनागढ़ शहर में पहुंचा तो सड़कों पर खड़ी गाड़ियां तिनकों की तरह बह गईं। मौसम विभाग ने रविवार के लिए भी भावनगर, नवसारी, जूनागढ़ और वलसाड में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जूनागढ़ के निचले इलाकों में 5 से 6 फीट तक पानी भर गया है। शहर के भवनाथ क्षेत्र में इसका सबसे ज्यादा असर हुआ है। यहां कई जानवर तेज बहाव में बह गए। कदवा चौक के पास मुबारक पाड़ा का भी यही हाल है। यहां कई मकान पूरी तरह डूब गए। तेज बहाव के चलते जूनागढ़ शहर के बीच से गुजरने वाले काले कुंड का पुल बंद कर दिया गया है। जूनागढ़ के भवनाथ में मौजूद पशुशाला में बाढ़ का पानी भर गया।

# बंगाल में चोरी को लेकर 2 महिलाओं को निर्वस्त्र किया

## पीड़ित आदिवासियों को रास्ते में रोककर कपड़े फाड़े, बाल खींचकर चप्पलों से पीटा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की महिला कार्यकर्ता ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। यह महिला कार्यकर्ता हावड़ा जिले के दक्षिणी पंचाला की रहने वाली है। महिला के मुताबिक टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उसके बाल पकड़कर पोलिंग बूथ से बाहर खींचा। इसके बाद सीढ़ियों पर फेंक दिया। महिला ने कहा कि यहां तक कि उन लोगों ने मेरे कपड़े भी फाड़ डाले थे। मैंने पड़ोस के घर से कपड़ा लेकर पहना।

महिला ने आगे बताया कि अगर मेरे पति साथ नहीं होते तो टीएमसी कार्यकर्ता कुछ भी कर सकते थे। महिला के मुताबिक उन्होंने घटना की एफआईआर भी दर्ज कराई थी। यह घटना पश्चिम बंगाल में आठ जुलाई को निकाय चुनाव के दौरान की बताई गई है। गौरतलब है शुक्रवार को दिन में जब भाजपा ने यह आरोप लगाया तो पश्चिम बंगाल के डीजीपी ने कहा था कि इस तरह की घटना के सबूत नहीं हैं।

### रो पड़ी थीं भाजपा सांसद

गौरतलब है कि शुक्रवार को पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और पार्टी सांसद लॉकेट चटर्जी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। घटना का उल्लेख करते हुए लॉकेट चटर्जी रो पड़ी थीं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां कहां जाएंगी।

### लॉकेट चटर्जी ने कहा- चुप हैं सोनिया और प्रियंका

मजूमदार ने आगे कहा कि हिंसा पश्चिम बंगाल की राजनीति के साथ बहुत वर्षों से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि वामपंथी दलों के शासनकाल में भी वहां हिंसा होती थी और 2011 में ममता बनर्जी ने बंगाल के लोगों को अपनी सरकार आने के बाद आश्वासन दिया था कि ये हिंसा बंद होगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन कुछ नहीं हुआ बल्कि ममता बनर्जी की सरकार में हिंसा और ज्यादा बढ़ गई है।उन्होंने दावा किया कि पंचायत चुनावों में हिंसा में 57 लोगों की जान चली गई। वहीं, लॉकेट चटर्जी ने दावा किया कि जैसी स्थिति मणिपुर की है वैसी ही स्थित आज बंगाल की है।

# यासीन मलिक को कोर्ट ले जाने पर 4 अफसर सस्पेंड

## बिना बुलाए तिहाड़ से सुप्रीम कोर्ट ले जाया गया था

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिहाड़ जेल प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में यासीन मलिक की व्यक्तिगत पेशी मामले में लापरवाही को लेकर शनिवार ( 22 जुलाई) को 4 अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें एक डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट, 2 असिस्टेंट सुपरिन्टेंडेंट और एक अन्य अधिकारी शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 21 जुलाई को होम सेक्रेटरी अजय भल्ला को चिट्ठी लिखकर सवाल उठाया था कि सुप्रीम कोर्ट के बुलाए बिना यासीन को कोर्ट क्यों ले जाया गया? मेहता ने इसे सुप्रीम कोर्ट की सुरक्षा में गंभीर चूक बताया था। उन्होंने चिट्ठी में लिखा- यासीन जैसा आतंकी और अलगाववादी नेता, जो न केवल टेरर फंडिंग मामले में दोषी है, बल्कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों के साथ संबंध रखता है, वो भाग सकता था, जबरन ले जाया जा सकता था या मारा जा सकता था।



# बाबा बर्फानी के दर्शन को लगी लाइन, 21 दिन में 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालु गए अमरनाथ

**श्रीनगर।** 1 जुलाई से शुरू हुई वार्षिक यात्रा के पहले 21 दिनों में 3 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दक्षिण कश्मीर में अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन किए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के सूचना और जनसंपर्क विभाग की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि ÷सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे और संबद्ध सेवाओं में सुधार के कारण, अमरनाथ यात्रा में केवल इक्कीस दिनों के भीतर पवित्र गुफा के दर्शन करने वाले 3 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों की रिकॉर्ड-तोड़ संख्या दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है।



उन्होंने बताया कि शाम चार बजे तक 10000 से ज्यादा श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिये यहां पहुंचे, जिससे दर्शन करने वाले कुल तीर्थयात्रियों की संख्या तीन लाख से अधिक हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 3.03 लाख श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में दर्शन किए। वार्षिक अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू हुई और यह 62 दिनों तक चलेगी।

शुक्रवार को 13,797 तीर्थयात्रियों के शामिल होने से कुल संख्या 3,07,354 हो गई है। इसमें कहा गया है कि तीर्थयात्रियों को घर जैसा अनुभव कराने के लिए निर्बाध सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए लगभग तीस सरकारी विभागों को शामिल किया गया है।

# चीनी मोबाइल कंपनियों ने 8000 करोड़ टैक्स चुराया

## इसमें 7,965 कस्टम ड्यूटी और 1108 GST, 1,629 वसूले गए

**नई दिल्ली।** चीन की मोबाइल कंपनियां भारत में कस्टम से लेकर GST जैसे टैक्स की चोरी कर रही हैं। राज्यसभा में आईटी मंत्रालय की ओर से दिए गए लिखित जवाब के मुताबिक, चीनी मोबाइल कंपनियों ने बीते 5 साल में करीब 8000 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की है।

मंत्रालय के अनुसार चीन की इन मोबाइल कंपनियों ने 7,965 करोड़ कस्टम शुल्क की चोरी की। वहीं, GST चोरी के मामले में 1108 करोड़ रुपए की रकम थी। जिन चीनी कंपनियों के नाम टैक्स चोरी में सामने आए हैं, उनमें ओप्पो, विवो, शाओमी और ट्रांसेशन जैसे नामी मोबाइल ब्रांड शामिल हैं। इन कंपनियों से 1,629 करोड़ रुपए का टैक्स वसूला गया है। आंकड़ों के मुताबिक, ओप्पो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने इस अवधि में 5,086 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की है। जिसमें सीमा शुल्क के रूप में 4,403 करोड़ और 683 करोड़ की GST शामिल है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-20 में 4,389 करोड़ रुपए की कस्टम ड्यूटी की चोरी की, जिसमें से 450 करोड़ रुपए की वसूली की गई।





### वीवो ने 2,923.25 करोड़ का टैक्स नहीं दिया

वीवो ने 2,923.25 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की। जिसमें 2,875 करोड़ कस्टम और 48.25 करोड़ GST शामिल है। वहीं, वीवो ने 2,217 करोड़ रुपए की कस्टम ड्यूटी की चोरी की। जिसमें से वित्तवर्ष 2020-21 में 72 करोड़ रुपए की वसूली की गई। वित्त वर्ष 2022-23 में वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 658 करोड़ रुपए की चोरी की। शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 851.14 करोड़ का टैक्स नहीं भरा।

# सीमा हैदर की तबीयत बिगड़ी, घर में ही चल रहा इलाज

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से भागकर अवैध रूप से भारत आई सीमा हैदर और उसके प्रेमी सचिन मीणा की तबीयत बिगड़ गई है। दोनों का घर पर ही इलाज चल रहा है और ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है। सीमा के आईएसआई एजेंट होने के शक में यूपी एटीएस ने हाल ही में सीमा हैदर और सचिन के साथ ही सचिन के परिवार वालों को अज्ञात स्थान पर ले जाकर घंटों पूछताछ की थी। सचिन के पिता नेत्रपाल ने बताया कि सीमा और सचिन की तबीयत काफी खराब है। सीमा को रात से ही बहुत कमजोरी महसूस हो रही है। कमजोरी के चलते सीमा बात भी नहीं कर पा रही है। डॉक्टर उन दोनों का इलाज कर रहे हैं और सीमा को ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है। गौरतलब है कि, पाकिस्तान के सिंध प्रांत की निवासी 30 वर्षीय सीमा हैदर 13 मई को नेपाल के रास्ते अपने चार बच्चों के साथ अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थी। सीमा ने कहा है कि वह पाकिस्तान वापस नहीं जाना चाहती और अपने भारतीय प्रेमी सचिन मीणा के साथ रहना चाहती है।






# गो फर्स्ट को मिले 23777 करोड़ के दावे, उड़ान की तैयारी में एयरलाइन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट को परिचालन और वित्तीय लेनदारों दोनों से कुल 23777 करोड़ (2.9 बिलियन) के दावे प्राप्त हुए हैं। गो फर्स्ट एयरलाइंस से जुड़े एक सरकारी बैंक के एक बैंकर ने शुक्रवार को लेनदारों की समिति की बैठक के बाद कहा कि लेंडर्स के दावे लगभग 50 अरब रुपये हैं। गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर ने अभी तक दावों की सत्यता की पुष्टि नहीं की है। बता दें कि गो फर्स्ट एयरलाइन ने अपने 54 एयरबस 320 में से आधे की ग्राउंडिंग के लिए दोषपूर्ण प्रैट एंड व्हिटनी इंजन को दोषी ठहराते हुए मई में दिवालियापन संरक्षण के लिए आवेदन किया था। बीते शुक्रवार को विमानन नियामक डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ गो फर्स्ट को विमान परिचालन फिर शुरू करने की अनुमति दे दी। डीजीसीए ने कहा कि उसने कुछ शर्तों के साथ 15 विमानों और रोजाना 114 उड़ानें के साथ परिचालन फिर से शुरू करने की गो फर्स्ट की योजना को मंजूरी दे दी। डीजीसीए ने कहा कि 15 विमानों और 114 दैनिक उड़ानों के संचालन के लिए एयरलाइन की परिचालन योजना फिर से शुरू करने की समीक्षा की गई है और इसे स्वीकार कर लिया गया है।

# नारायणमूर्ति की कंपनी को कमाई घटने का डर, अमेरिका के लिए चेतावनी है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति को कमाई कम होने का डर सता रहा है। आईटी दिग्गज इंफोसिस ने हाल ही में अपनी पहली तिमाही के रिजल्ट को जारी किया है। कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। सालाना आधार पर नेट प्रॉफिट करीब 11 फीसदी उछाल के साथ 5945 करोड़ रुपये रहा है। लेकिन नतीजों पर दुनियाभर में जारी अनिश्चितता का असर देखने को मिला है। इसका असर अनुमानों पर भी पड़ा है। दरअसल कंपनी की पहली तिमाही का मुनाफा अनुमानों से कम रहा है। कंपनी ने पूरे साल के रेवेन्यु ग्रोथ गाइडेंस में कटौती की है।

इस समय आईटी कंपनियां दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में जारी अनिश्चितता से जूझ रही हैं। आईटी कंपनियों की इनकम का ज्यादातर हिस्सा नॉर्थ अमेरिका और यूरोप से आता है। इन देशों में बढ़ती ब्याज दरों का असर आईटी कंपनियों की ओर से किए जाने वाले खर्चों पर पड़ने की आशंका बनी हुई है। इसी बात का डर आईटी दिग्गज कंपनी इंफोसिस को है। इंफोसिस अनुमान लगा रही है कि इस वित्त वर्ष के लिए उसकी रेवेन्यू ग्रोथ 1-3.5 फीसदी रह सकती है। जबकि पहले 4-7 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान था। हालांकि कंपनी ने इसके लिए वजह नहीं बताई है। कंपनी के सीएफओ की ओर से बीते दिनों अनिश्चित आर्थिक परिस्थितियों का जिक्र किया गया है।




## कंपनियां लगाती हैं अनुमान

भविष्य में अपने प्रदर्शन को लेकर कंपनियां आंकलन करती रहती हैं। कंपनियां इसके लिए खुद ही अनुमान लगाती हैं कि आने वाले समय में उनकी ग्रोथ और इनकम कितनी रहने वाली है। इसे ही गाइडेंस कहते हैं। यह इनकम और ग्रोथ को लेकर कंपनी का सबसे अच्छा अनुमान होता है। गाइडेंस की मदद से निवेशक और एनालिस्ट अपने अनुमान लगाते हैं और इसी के आधार पर शेयर की कीमतों पर भी असर पड़ता है।

## अमेरिका के लिए चेतावनी

आईटी कंपनियों को जिस तरह से कमाई घटने का डर सता रहा है यह अमेरिका के लिए चेतावनी है। अमेरिका और यूरोप से आईटी कंपनियों की इनकम का बड़ा हिस्सा आता है। अमेरिका में जिस तरह से ब्याज दरें बढ़ी हैं। इसका असर सबपर देखने को मिलेगा। इंफोसिस के अमेरिकी डिपॉजिटरी रिसीट को न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) पर प्री-मार्केट सत्र में भारी नुकसान हुआ है। एडीआर अमेरिकी निवेशकों को बिना किसी जटिलता के विदेशी कंपनियों में निवेश करने की अनुमति देते हैं।

# डिश टीवी विवाद के बीच नया ट्विस्ट, कंपनी के शेयर खरीदने के मूड में सुभाष चंद्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डायरेक्ट-टू-होम सर्विस देने वाली डिश टीवी के बोर्ड विवाद में अब एक नया मोड़ आ गया है। मीडिया मुगल सुभाष चंद्रा ने डिश टीवी में शेयर वापस खरीदने के लिए जेसी फ्लावर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी से बात की है। मिंट की खबर के मुताबिक 72 वर्षीय सुभाष चंद्रा ने द्वद्र लर्न लिमिटेड के शेयरों और मध्य दिल्ली में 2.8 एकड़ में बने बंगले सहित तीन संपत्तियों को खरीदने का प्रस्ताव भी रखा है। सूत्रों ने कहा कि चंद्रा ने इन संपत्तियों को खरीदने के लिए जेसी फ्लावर्स को 1,500 करोड़ का भुगतान करने का प्रस्ताव दिया है।




ये खबर ऐसे समय में आई है जब डिश टीवी के बोर्ड ने कंपनी में हिस्सेदारी की न्यूनतम आवश्यकता पूरी न होने का हवाला देते हुए माइनॉरिटी शेयरहोल्डर्स की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) बुलाने की मांग को खारिज कर दिया है। डिश टीवी के मुताबिक कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 100 के तहत ईजीएम बुलाने के लिए कंपनी के कम से कम 10 प्रतिशत शेयर पूंजी का नेतृत्व करने वालों का इसके लिए आवेदन करना आवश्यक है। इसलिए निदेशक मंडल ने फैसला किया कि संख्या और प्रक्रिया के वैध नहीं होने के कारण ईजीएम नहीं बुलाई जा सकती। यह माइनॉरिटी शेयरहोल्डर्स द्वारा ईजीएम बुलाने का दूसरा प्रयास था, लेकिन वैध शेयरहोल्डर्स का प्रतिशत केवल 6.5 प्रतिशत था।

डिश टीवी के माइनॉरिटी शेयरहोल्डर्स ने शंकर अग्रवाल और रश्मि अग्रवाल को बोर्ड से हटाने के अलावा के. बद्री नारायण, सतीश कुमार यानमंद्रा और जीत सेन गुप्ता को गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने की अपनी पुरानी मांग दोहराई थी। इन शेयरहोल्डर्स का मानना है कि एस्सेल समूह के साथ जुड़ाव के कारण दो स्वतंत्र निदेशकों- शंकर अग्रवाल और रश्मि अग्रवाल की स्वतंत्रता संदेह के घेरे में है।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन डिश टीवी के शेयर 19.38 रुपये पर बंद हुए। एक दिन पहले के मुकाबले मामूली 0.36 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 19.75 रुपये तक गई थी। इसका 52 वीक हाई 24.45 रुपये है।

# अब बैंकिंग, बीमा जैसी 300 सेवाएं भी मुहैया कराएंगे पैक्स, 13 करोड़ से अधिक ग्रामीण होंगे लाभान्वित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सक्रिय करीब 95,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को जल्द ही सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) से जोड़ा जाएगा। इससे पैक्स को पंचायत स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत संस्था बनाया जा सकेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को विज्ञान भवन में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को आवंटित सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शाह ने कहा, इस पहल के तहत देश के 13 करोड़ किसान व ग्रामीणों को बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन, रेल टिकट, स्वास्थ्य और कानून से जुड़ी 300 से ज्यादा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

साथ ही, उन्होंने बताया कि देश में 17 हजार से ज्यादा पैक्स ने सीएससी के लिए पंजीकरण किया है, इनमें से 6 हजार ने सीएससी के तौर पर काम करना शुरू भी कर दिया है। पैक्स-सीएसी के गठजोड़ को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं बढ़ाने में सहायक बताते हुए शाह ने कहा,





आने वाले पांच वर्ष में देश में पैक्स की संख्या बढ़कर 3 लाख तक पहुंच जाएगी। सीएससी के तौर पर काम करते हुए पैक्स के जरिये ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले कुछ सप्ताह के भीतर जो पैक्स सीएससी शुरू करेंगे, उससे करीब 14 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## गांवों से बढ़ेगी देश की अर्थव्यवस्था

शाह ने कहा, देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की राह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से ही खुलेगी। इसके लिए यह जरूरी है कि सहकारिता आंदोलन को मजबूत किया जाए और इसकी सबसे छोटी इकाई पैक्स को समृद्ध बनाया जाए। इसी दृष्टिकोण के साथ पैक्स को मजबूत बनाया जा रहा है। 2014 में देश में 83 हजार सीएसी थे, जो अब बढ़कर 5.19 लाख हो गए हैं। इस विस्तार में अब पैक्स भी भागीदार होंगी।






## OMG 2 और गदर 2 का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश, सनी देओल बोले- जिसकी बराबरी नहीं, मत करो...

एक्टर सनी देओल और अक्षय कुमार का बॉक्स ऑफिस क्लैश होने वाला है. दोनों की फिल्में गदर 2 और OMG 2, 11 अगस्त को रिलीज हो रही हैं. हाल ही में एक्टर सनी देओल ने फिल्मों के क्लैश पर रिएक्ट किया है. उन्होंने 2001 में रिलीज हुई गदरः एक प्रेमकथा और आमिर खान की लगान के क्लैश को याद किया है. एक्टर ने इंटरव्यू में कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि लोग फिल्मों की तुलना क्यों करते हैं जबकि उनमें कोई कम्पेरिजन होता ही नहीं है. साथ ही उन्होंने कहा कि अच्छी फिल्मों की एक-दूसरे से तुलना नहीं करनी चाहिए.

सनी देओल ने कहा,'गदर ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा कमाए, जबकि लगान ने इससे कम. मुझे समझ नहीं आता लोग तुलना क्यों करते हैं. गदर के पास धारणा नहीं थी. लोगों को लगा कि ये मसाला फिल्म है. ये पुरानी टाइप की पिक्चर है. पुराने टाइप के गाने हैं. दूसरी ओर, लोगों को लगा कि लगान क्लासिक थी. तथाकथित लोग जो फिल्मों के बारे में बात करते हैं, उन्होंने गदर को पूरी तरह से बेकार कर दिया था. लेकिन ये लोगों की फिल्म बन गई और उन्हें ये पसंद आई.' सनी ने आगे कहा, 'मैं ये कह रहा हूं कि जो अच्छी फिल्म होती है तो उसे फिर भी दूसरी फिल्मों के बराबर में ले आते हो. मगर जिस चीज की बराबरी नहीं, तो कम्पेयर मत करो.' बता दें कि गदर 2 को अनिल शर्मा ने बनाया है. इस फिल्म में सनी देओल के अलावा अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर, लव सिन्हा, मनीष वाधवा जैसे एक्टर्स हैं.

# रवीना की 'वन फ्राइडे नाइट' का टीजर हुआ रिलीज, सस्पेंस और थ्रिल से है भरपूर...



एक्ट्रेस रवीना टंडन के बाद एक पर्दे पर शानदार अवतार में नजर आ रही हैं। बीते साल ओटीटी पर भी कदम रख चुकी हैं। इन दिनों एक्ट्रेस जल्द 'वन फ्राइडे नाइट' में नजर आएगी। अदाकार की एक और नई फिल्म 'वन फ्राइडे नाइट' का एलान हुआ। फिल्म निमार्ताओं ने 'वन फ्राइडे नाइट' का टीजर जारी कर दिया है, जो सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है। रवीना के अलावा इस फिल्म में मिलिंद सोमन और विधि चितालिया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

रवीना की 'वन फ्राइडे नाइट' का निर्देश मनीष गुप्ता द्वारा किया जाएगा, जबकि इसका निर्माण ज्योति देशपांडे कर रही हैं। जियो सिनेमा पर अपने आधिकारिक ट्विटर पर 'वन फ्राइडे नाइट' का टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'क्या होता है जब वन फ्राइडे नाइट पर एक रोमांचक समय दुःस्वप्न में बदल जाता है।



# शाहिद संग जमेगी रश्मिका की जोड़ी!



**शाहिद** कपूर ने हाल ही में वेब सीरीज 'फर्जी' से अपना ओटीटी डेब्यू किया। इस सीरीज को दर्शकों के जरिए खूब सराहा गया, और रिपोर्ट्र्स की मानें तो जल्द ही इसके दूसरे सीजन पर भी काम शुरू होगा। इतना ही नहीं शाहिद कपूर एक्शन-कॉमेडी जॉनर के चैंपियन अनीस बज्मी के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म में भी नजर आएंगे। अनीस-शाहिद की सहयोग वाली इस मूवी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। साथ ही इसके नाम से भी पर्दा उठा दिया गया है।

रिपोर्ट की मानें तो, शाहिद कपूर और अनीस बज्मी के सहयोग वाली इस मूवी का नाम 'एक साथ दो दो' होगा। टाइटल फिल्म में शाहिद की दोहरी भूमिका पर आधारित है। वहीं, इस प्रोजेक्ट में एक्टर के अपोजिट साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के नजर आने की खबरें हैं। टाइटल के बारे में एक और दिलचस्प बात यह है कि इसे 1.7.22 के रूप में भी पढ़ा जा सकता है, जो कहानी में बहुत महत्व रखता है।

'एक साथ दो दो' को लेकर जानकारी है कि निर्माता राजस्थानी हवेली के विशेष रूप से डिजाइन किए गए सेट में इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 'फिल्म का एक हिस्सा राजस्थानी गांव पर आधारित है। मानसून के बाद, टीम एक व्यापक कार्यक्रम के लिए रेगिस्तानी राज्य का रुख करेगी। दूसरे शेड्यूल के बाद रश्मिका यूनिट में शामिल हो जाएंगी।'

अनीस बज्मी के डायरेक्शन में बनी आखिरी फिल्म वर्ष 2022 की हॉरर-कॉमेडी 'भूल भुलैया 2' थी, जिसमें कार्तिक आर्यन, तब्बू और कियारा आडवाणी जैसे सितारे लीड रोल में नजर आए थे।



# शिल्पा शेट्टी के 30 मिलियन फॉलोअर्स

**बॉलीवुड** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के फॉलोअर्स की संख्या इंस्टाग्राम पर 30 मिलियन हो गयी है। शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर 30 मिलियन फॉलोअर्स पूरे कर लिए हैं। शिल्प ने एक वीडियो शेयर कर फैंस का आभार जताया है। शिल्पा शेट्टी ने अपने अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया और लिखा, इस यात्रा को इतना यादगार बनाने के लिए, मेरी सबसे प्यारी इंस्टाफैमिली, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं चाहती हूं कि मेरे 30 मिलियन-मजबूत #इंस्टाफैम में से प्रत्येक को पता चले कि आप खास हैं... मेरा दिल कृतज्ञता से भरा हुआ है। आप सभी को प्यार!'

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com